आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

09.10.2018

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली (आरेडिका) भारतीय रेलवे की एक आधुनिकतम उत्पादन ईकाई है जो कि भारतीय रेलवे के लिए कोच उत्पादन का कार्य करती है।

वर्ष 2018–19 में आरेडिका ने प्रगति का एक नया आयाम स्थापित किया है और वर्ष के पहले छः महीने में ही 603 कोच का उत्पादन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है ।

इसके अतिरिक्त इस वर्ष के केवल सितम्बर माह में 135 कोच का उत्पादन किया गया जो कि अभी तक का एक माह का सर्वश्रेष्ठ कोच उत्पादन है । इसके साथ–साथ, गत माह सितम्बर, 2018 में 123 शैल व 150 बोगी का उत्पादन किया गया जो कि आरेडिका का सर्वश्रेष्ठ मासिक शैल व बोगी उत्पादन है । यह उपलब्धि आरेडिका कर्मचारियों के अथक प्रयासों से ही संभव हो पाया है ।

सितम्बर माह में आरेडिका द्वारा 2500वॉ कोच का निर्माण किया गया जो कि आरेडिका के इतिहास में एक और उपलब्धि है । इतने कम समय से यह उपलब्धि हासिल करना आरेडिका व भारतीय रेल के लिए गौरव की बात है ।

इसके साथ–साथ, आरेडिका कारखाना में इस महीने में कुल 50 से भी अधिक स्वचालित रोबोट ने काम करना शुरू कर दिया है और सितम्बर महीने में इन स्वचालित रोबोट की मदद से कुल 8 शेल का निर्माण किया गया व इस महीने में अभी तक कुल 6 शेल का निर्माण किया जा चुका है ।

ज्ञात रहे कि एक डिब्बे की औसन कीमत लगभग 2.20 करोड़ रूपये है और 603 डिब्बे बना कर, लगभग 1320 करोड़ रूपये का कार्य हुआ है । उसका एक बड़ा भाग स्थानीय अर्थव्यवस्था में समाहित हुआ है जिसका स्थानीय क्षेत्र की खुशहाली व विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान है ।

(आर.पी.शर्मा) 9/10

मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी